SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 30 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 34

# मोदी सरकार का बड़ा तोहफा... अब 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त इलाज

नई दिल्ली । आरएनएस




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आयुष्मान योजना में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को इस योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा देने की घोषणा की। इस योजना के तहत अब बुजुर्गों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने आयुष्मान वय वंदन कार्ड बुजुर्ग लाभार्थियों को सौंपकर इस योजना की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह फैसला देश के करीब 4.5 करोड़ परिवारों के 6 करोड़ से ज्यादा बुजुर्गों के लिए लाभकारी साबित होगा।

70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्ग इस योजना के पात्र होंगे। इस योजना में आय सीमा का कोई प्रतिबंध नहीं होगा। लाभार्थियों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

लाभार्थियों को अलग से आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान किया जाएगा। अन्य सरकारी योजनाओं, केंद्रीय कर्मचारियों की हेल्थ योजना, प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस योजनाओं और ईएसआई स्कीम का लाभ लेने वाले बुजुर्ग भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने 12850 करोड़ रुपये की कई स्वास्थ्य परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन भी किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा समेत कई अन्य मंत्री और अफसर भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 11 सितंबर, 2024 को इस योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के लागू होने से देश के बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

## कैंसर के मरीजों को बड़ी राहत, सस्ती होंगी 3 जरूरी दवाएं

दिवाली से पहले कैंसर मरीजों के लिए सरकार ने राहत की खबर दी है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन प्रमुख दवाओं—ट्रैस्टुजुमाब, ओसिमर्टिनिब और डुर्वालुमाब—की अधिकतम खुदरा कीमत में कमी का आदेश दिया है।
सरकार का यह कदम आवश्यक दवाओं की सस्ती उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने इन दवाओं पर कस्टम ड्यूटी समाप्त कर दी है, और त्रस्ञ्ज दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। यह नई दरें 10 अक्टूबर 2024 से लागू होंगी।
उत्पादकों को निर्देश दिया गया है कि वे रूक्रक्क कम करने के साथ-साथ डीलरों, राज्य औषधि नियंत्रकों और सरकार को मूल्य परिवर्तन की जानकारी समय पर दें। इस कदम के माध्यम से सरकार ने किफायती दामों पर दवाओं की उपलब्धता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है, जिससे कैंसर के मरीजों को इलाज के लिए आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजस्थान में पुलिया से टकराई बस, 10 लोगों की दर्दनाक मौत; 20 से अधिक घायल

**सीकर (आरएनएस)।** राजस्थान के सीकर जिले में मंगलवार को एक भीषण सडक़ हादसा हुआ। लक्ष्मणगढ़ इलाके में एक निजी बस पुलिया से टकरा गई, जिसके परिणामस्वरूप 10 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी और अचानक नियंत्रण से बाहर हो गई। बस का अगला हिस्सा पुलिया से टकराने के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय बस में करीब 40 यात्री सवार थे।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सीकर एसपी भुवन भूषण यादव ने बताया कि हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है और 20 से अधिक लोग घायल हैं। उन्होंने बताया कि बस में 40 से अधिक लोग सवार थे।पुलिस अभी भी हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। यह जांच की जा रही है कि क्या बस की खराब तकनीकी स्थिति या ड्राइवर की लापरवाही हादसे का कारण बनी। हादसे के बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### निर्माणाधीन मेट्रो सुरंग में बड़ा हादसा, लोको पिकअप मशीन मजदूरों पर चढ़ी; 3 की मौत

**पटना (आरएनएस)।** बिहार की राजधानी पटना में निर्माणाधीन मेट्रो सुरंग में बड़ा हादसा हो गया। मेट्रो सुरंग में लोको पिकअप मशीन की ब्रेक फेल हो गई और मजदूरों पर चढ़ गई। इस हादसे में एक लोको पाइलट और दो मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, बचाव दल ने 6 मजदूरों का रेस्क्यू किया है। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा सोमवार देर रात हुआ था। अशोक राजपथ पर पटना मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड सुरंग बनाने का काम चल रहा है। इसी दौरान सुरंग में लोको पिकअप मशीन की ब्रेक फेल हो गई। फिर काम कर रहे मजदूरों को रौंदते हुए लोको पिकअप मशीन आगे बढ़ गई। इस हादसे में 9 मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, जिनमें तीन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ने बताया कि टनल में मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी आने या ब्रेक फेल हो जाने के कारण ये हादसा हुआ। मजदूरों को हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। हादसे में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, सभी ओडिशा के रहने वाले थे।

### गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजी दिल्ली, घर के बाहर 6 से 7 राउंड की फायरिंग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बाद उसके विरोधी गैंग की भी राजधानी दिल्ली में एंट्री हो गई है। गोलियों की तड़तड़ाहट से दिल्ली गूंज उठी। बम्भीहा गैंग के नाम से दिल्ली में एक बिजनेस मैन के घर पर कई राउंड फायरिंग की गई। घर में फायरिंग के बाद गैंग के शूटर्स पर्ची छोडक़र घटनास्थल से भाग गए। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बाद उसके विरोधी गैंग की भी राजधानी दिल्ली में एंट्री हो गई है। गोलियों की तड़तड़ाहट से दिल्ली गूंज उठी। बम्भीहा गैंग के नाम से दिल्ली में एक बिजनेस मैन के घर पर कई राउंड फायरिंग की गई। घर में फायरिंग के बाद गैंग के शूटर्स पर्ची छोडक़र घटनास्थल से भाग गए।

## दो बार कोशिश के बाद भी नहीं हो सकी फ्लाइट की लैंडिंग, फिर ईंधन खत्म होने पर हवा में अटकी 202 यात्रियों की सांसे

लखनऊ । आरएनएस



दिल्ली से लखनऊ आए एयर इंडिया के विमान में उस समय हडक़ंप मच गया जब विमान की लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। दरअसल, दो बार लैंडिंग का प्रयास असफल रहने पर वाराणसी का डायवर्जन मांगा गया, लेकिन ईंधन कम होने की वजह से ऐसा करने की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके बाद विमान को लखनऊ हवाई अड्डे पर ही उतारा गया।

बता दें कि विमान में 200 के करीब यात्री सवार थे। एयर इंडिया के विमान एआइ 431 ने सोमवार को दिल्ली से 12:37 बजे लखनऊ के लिए उड़ान भरी थी। यह विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर करीब 26 मिनट के विलंब से दोपहर 1:56 बजे बमुश्किल उतरा। दरअसल, यह विमान दिल्ली से लखनऊ पहुंचा और दो बार लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। इसके बाद विमान को वाराणसी डायवर्ट करने की बात कही गई। इसके लिए प्रयास हुए और ईंधन के बारे में जानकारी ली गई तो यह बात सामने आई कि विमान में वाराणसी पहुंचने का ईंधन नहीं है। इसके बाद विमान ने फिर से चक्कर लगाकर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन एक दिक्कत यह आ गई कि उस वक्त कई विमान पहले से ही लैंडिंग के लिए कतार में थे। इसके बाद यह जानकारी एटीसी को दी गई और लो फ्यूल इमरजेंसी की वजह से विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई गई। विमान की लैंडिंग का प्रयास जब दो बार असफल रहा तो यात्रियों की सांसें अटक गईं लेकिन जब लैंडिंग करवाई गई तो यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## मंदिर में आतिशबाजी के दौरान दर्दनाक हादसा, 150 से अधिक लोग घायल, 8 की हालत गंभीर

केरल । आरएनएस



केरल के कासरगोड जिले में नीलेश्वरम के पास एक मंदिर में आतिशबाजी के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ है। बीती देर रात हुए इस हादसे में 150 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में से 8 की हालत गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को संदेह है कि वीरकावु मंदिर के पास आतिशबाजी स्टोरेज में आग लगने के बाद यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई।

दुर्घटना के तुरंत बाद घायलों को कासरगोड, कन्नूर और मंगलुरु के अस्पतालों में ले जाया गया। चिंताजनक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर और जिला पुलिस प्रमुख सहित जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**पटाखों में लगी भयंकर आग, 2 की मौत-** वहीं, हैदराबाद के यकतपुरा रेलवे स्टेशन के पास पूर्वी चंद्र नगर में एक दो मंजिला इमारत में कल रात करीब 11 बजे आग लगने से पति-पत्नी की मौत हो गई और एक अन्य लडक़ी घायल हो गई। इमारत की पहली मंजिल, जहां पेस्ट्री पकाई जा रही थी, में आग लग गई। इसके बाद आग पास में बिक्री के लिए रखे पटाखों और कपास के डिब्बों तक फैल गई। हादसे में उषारानी (50) और उनके पति मोहन लाल (58) की मौत हो गई और 18 वर्षीय श्रुति घायल हो गई। श्रुति को उस्मानिया जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## उज्जैन के महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, बढ़ाई गई सुरक्षा, अलर्ट मोड पर पुलिस प्रशासन

**मध्य प्रदेश (आरएनएस)।** एक अक्टूबर को उज्जैन के महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। ये धमकी अपने आपको जैश-ए-मोहम्मद का एरिया कमांडर बताने वाले अज्ञात व्यक्ति ने एक पत्र के जरिए राजस्थान के हनुमानगढ़ के रेलवे स्टेशन अधीक्षक को दी है। इसमें उज्जैन रेलवे स्टेशन, हनुमानगढ़ जंक्शन सहित राज्य के श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा, बूंदी, उदयपुर, जयपुर रेलवे स्टेशन सहित राजस्थान के कुछ धार्मिक स्थल को आगामी 30 अक्टूबर और 2 नवंबर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। वहीं, महाकालेश्वर मंदिर सुरक्षा को लेकर मंदिर समिति के अध्यक्ष व जिला कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा दो भागों में की जाती है। एक बाहरी सुरक्षा और दूसरी आंतरिक सुरक्षा। महाकाल पुलिस थाना सहित अन्य पुलिस बल बाहरी सुरक्षा में लगा रहता है। इसके साथ ही आंतरिक सुरक्षा में होमगार्ड जवान, निजी सुरक्षा एजेंसी कर्मचारी, महाकाल मंदिर समिति के कर्मचारी और पुलिस जवान तैनात रहते हैं। किसी भी प्रकार का इनपुट मिलने पर मंदिर समिति तत्काल एक्शन लेती है और पूरी तरह तैयार रहती है।

## वेद के मंत्रों के साथ तटरक्षक बल में शामिल हुए अदम्य और अक्षर

नई दिल्ली । आरएनएस



अब अदम्य और अक्षर भारतीय तट रक्षक बल की ताकत बढ़ाएंगे। अदम्य और अक्षर नामक यह दो फास्ट पेट्रोल वेसल्स (समुद्री जहाज) अथर्ववेद के मंत्रों के साथ भारतीय तट रक्षक बल में शामिल किए गए। खास बात यह है कि अदम्य और अक्षर के निर्माण में मुख्यत स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है। इन समुद्री जहाजों का उपयोग निगरानी के लिए किया जाएगा।

अदम्य और अक्षर की लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर और अधिकतम गति 27 समुद्री मील है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित इन दोनों फास्ट पेट्रोल वेसल्स अदम्य और अक्षर को एक साथ लॉन्च किया।

दोनों जहाज 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्रियों से बने हैं। दोनों फास्ट पेट्रोल वेसल्स (एफपीवी) जीएसएल के साथ 473 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आठ ऐसे एफपीवी के अनुबंध का हिस्सा हैं। ये उन्नत एफपीवी सुरक्षा, नियंत्रण और निगरानी की प्राथमिक भूमिका के साथ अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों को सुरक्षित करने में आईसीजी की सहायता करेंगे।

रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक ये जहाज एक नियंत्रणीय पिच प्रोपेलर-आधारित प्रणोदन प्रणाली पर काम करते हैं। इनका विस्थापन 320 टन है। इन जहाजों को यूएस ब्यूरो ऑफ शिपिंग और इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग द्वारा दोहरी श्रेणी प्रमाणन के तहत आईसीजी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन और निर्मित किया गया है। पहली बार, अत्याधुनिक जहाज लिफ्ट प्रणाली का उपयोग करके दो जहाजों को एक साथ लॉन्च किया गया।

आईसीजी के महानिदेशक परमीश शिवमणि और प्रिया परमीश ने अथर्ववेद के मंत्रों के साथ एफपीवी का उद्घाटन और नामकरण किया। इस अवसर पर आईसीजी के महानिदेशक परमीश शिवमणि ने जीएसएल और विभिन्न उद्योगों के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि आईसीजी की जहाज निर्माण जरूरतों को स्वदेशी रूप से पूरा किया जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने पर जीएसएल के कर्मचारियों को बधाई देते हुए, आईसीजी के महानिदेशक ने उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया कि रक्षा में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम सही तरीके से उठाया जाए।

समारोह में जीएसएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ब्रजेश कुमार उपाध्याय और भारतीय नौसेना, आईसीजी, जीएसएल और वर्गीकरण सोसायटी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

## रोहतक-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन में विस्फोट के बाद लगी आग, चार यात्री घायल

नई दिल्ली । आरएनएस



रोहतक-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन में विस्फोट होने से चार यात्री घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चारों घायल यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने कहा, रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है। उनके साथ दिल्ली से आई फोरेंसिक टीम भी है, ताकि विस्फोट कैसे हुआ, इस बारे में आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा सकें।

उन्होंने बताया कि विस्फोट रोहतक स्टेशन से ट्रेन के खुलने के तुरंत बाद सांपला स्टेशन के पास हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक हुए विस्फोट के कारण अफरा-तफरी मच गई और ट्रेन को तुरंत रोकना पड़ा।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि विस्फोट की वजह प्लास्टिक बैग में बड़ी मात्रा में सल्फर और पोटाश हो सकता है, जिसे एक यात्री ले जा रहा था, जो गलती से आग पकड़ गया और ट्रेन के अंदर विस्फोट हो गया।

एक अधिकारी ने बताया कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और ट्रेन के अंदर विस्फोट कैसे हुआ, इसकी जांच चल रही है।

## बाबा सिद्दीकी के बेटे को भी मिली जान से मारने की धमकी, घर की सुरक्षा बढ़ाई

मुंबई । आरएनएस

बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद अब उनके बेटे व विधायक जीशान सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी मिली है। ऑफिस के लैंडलाइन नंबर पर फोन करके अज्ञात व्यक्ति ने जीशान सिद्दीकी को ये धमकी दी गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि धमकी भरा कॉल जीशान सिद्दीकी के बांद्रा ईस्ट स्थित जनसंपर्क कार्यालय के फोन पर आया था। वहीं, धमकी देने वाले शख्स को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

जीशान सिद्दीकी को धमकी भरी कॉल आई थी। अज्ञात शख्स ने फोन पर जीशान सिद्दीकी जान से मारने की धमकी दी। साथ ही पैसे की भी मांग की है। इसके बाद से उनके घर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के कर्मचारी की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर निर्मलनगर पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। धमकी देने वाला व्यक्ति 20 साल का है। उसका नाम गुरफान खान है। उसे मुंबई की निर्मलनगर पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया है।

मुंबई पुलिस ने कहा कि जीशान सिद्दीकी को मुंबई में अपने पिता की गोली मारकर हत्या करने से कुछ दिन पहले ही जान से मारने की धमकी मिली थी। वहीं, अब एक बार फिर उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि जीशान और बाबा सिद्दीकी दोनों ही उनके निशाने पर थे। उन्हें आदेश दिया गया था कि जो भी मिले उस पर गोली चला दें। इस तरह जीशान सिद्दीकी भी आरोपियों के निशाने पर थे। आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में ये भी बताया कि जीशान और बाबा सिद्दीकी दोनों को ही मारने की सुपारी दी गई थी।

## गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए पीएम मोदी ने लॉन्च किया यू-विन पोर्टल

नई दिल्ली । आरएनएस



धनतेरस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को कई सौगात दी है। पीएम मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी 12,850 करोड़ रूपये से ज्यादा की लागत वाली कई सरकारी योजनाओं का उद्घाटन किया और इसका लाभ आम आदमी को देने का ऐलान भी किया। स्वास्थ्य सुविधाओं को और ज्यादा बेहतर और आरामदायक बनाने के मकसद से डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई सरकारी पोर्ट्ल का शुभारंभ किया। इसी के साथ गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को दी जाने वाली सभी वैक्सीनेशन का डाटा रखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने यू-विन पोर्टल की शुरुआत की।

इस पोर्टल के जरिए पैदा हुए बच्चे से लेकर 17 साल तक की उम्र तक हर बच्चे का वैक्सीनेशन रिकॉर्ड इस पोर्टल में रखा जाएगा। इस पोर्टल से ये सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि हर गर्भवती महिला और 17 साल तक की आयु तक हर बच्चे को सभी जरूरी वैक्सीनेशन समय पर मिल जाएं। इस पोर्टल में कवर की गई वैक्सीनेशन्स में खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, न्यूमोकोकल निमोनिया, मेनिनजाइटिस और हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, पर्टुसिस, पोलियो, रोटावायरस डायरिया और हेपेटाइटिस बी के कारण होने वाला निमोनिया जैसी सभी वैक्सीनेशन्स का रिकॉर्ड शामिल रहेगा। भारत के कुछ जिलों में, जापानी एन्सेफलाइटिस के लिए भी वैक्सीनेशन दी जाएगी। यह पोर्टल ष्टहङ्कढ्ढष्ठ-19 वैक्सीन मैनेजमेंट सिस्टम ष्टश-ङ्खढ्ढह्व के आधार पर तैयार किया गया है। इस पोर्टल में रजिस्टर करने पर आपका और आपके बच्चे की वैक्सीनेशन का सारा ब्यौरा आपके सामने आ जाएगा। साथ ही इसमें वैक्सीनेशन के साथ वैक्सीनेशन लेने की तिथि और अगली ड्यू डे का सारा ब्यौरा सम्मिलित होगा।

यू-विन पोर्टल में हर वैक्सीनेशन प्रोग्राम का रिकॉर्ड रखा जाएगा साथ ही इसमें क्यू-आर स्कैन के जरिए आपको आपके लिए गए हर वैक्सीनेशन का प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से प्राप्त हो जाएगा। जिसे आप कही से भी एक्सेस कर किसी भी जगह दिखा पाएंगें। इसके लिए आपको यू-विन पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिए इस पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इस पोर्टल की मदद से आप अपने आस-पास और पंसद के वैक्सीनेशन केंद्र का भी चयन कर सकेंगे साथ ही इसकी मदद से आप अपनी अगली वैक्सीनेशन की अपॉइटमेंट इसी पोर्टल के जरिए शेड्यूल भी कर सकेंगे। एक बार इस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ये पोर्टल आपको अगली अपाइटमेंट या ड्यू वैक्सीनेशन के बारे में एसएमएस के जरिए अलर्ट भी भेजेगा ताकि आपके बच्चे की कोई भी वैक्सीनेशन मिस न हो सके। इसी पोर्टल के जरिए आप आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के लिए भी रजिस्टर कर आईडी बना पाएंगें।